फिलो पोर्टल का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

6 मई, 2022 को बिहार के शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में राजकीय माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में फिलो पोर्टल का शुभारंभ किया है।

प्रमुख बिदु

- इस पोर्टल को विद्यालयों में अध्ययनरत् 9वीं से लेकर 12वीं कक्षा तक के 45 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों की सुविधा के लिये शुरू किया गया है, जिससे स्कूली शिक्षा में डिजिटल टेक्नोलॉजी को प्राथमिकता के आधार पर बढ़ावा मिलेगा।
- इस पोर्टल के लिये शिक्षकों को शिक्षा में आवश्यकतानुसार डिजिटल टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।
- इस मौके पर विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय कुमार ने कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था में डिजिटल टेक्नोलाजी का इस्तेमाल बढ़ाने के लिये इसी साल से सभी 9,360 माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों में इंटरनेट और वाई-फाई की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध होगी।
- शिक्षा मंत्री ने प्रेक्षागृह में मौज़ूद शिक्षकों, छात्र-छात्राओं को 'फिलो' शब्द का अर्थ समझाते हुए कहा कि 'फिलो' एक ग्रीक शब्द है, जिसका अर्थ है- फ्रेंड यानी दोस्त।
- सरकार द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को फिलो डिजिटल प्लेटफॉर्म निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। ऐप पर सवाल पूछते ही 60 सेकंड के अंदर छात्रों से ट्यूटर जुड़ेंगे और सवाल को हल करने के तरीके बताएंगे।
- उन्होंने कहा कि क्लासरूम के दायरे से बाहर जाकर छात्र-छात्राओं को फिलो डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करने वाला बिहार देश का पहला राज्य बन गया है।
- इस ऐप से बिहार बोर्ड की परीक्षा के लिये, बल्कि जेईई-मेन्स/नीट आदि की तैयारी भी कर सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/philo-portal-launched